Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

स्कॉलर बैज समारोह

निगाहों में मंजिल थी, गिरे और गिरकर संभलते रहे ।
हवाओं ने बहुत कोशिश की, मगर चिराग आंधियों में भी जलते रहे ।।

हार्दिक अभिनंदन

प्रगति की ओर

दिनांक 16 जुलाई, 2022 को बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा में 18 वें स्कॉलर बैज समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे- श्री लव कुमार (आई.पी.एस. अधिकारी, उत्तर प्रदेश तथा एडिश्नल कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर)। उपस्थित गणमान्य अतिथियों में श्री ओ.पी. भूटानी (पूर्व अध्यक्ष, बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा), श्री संदीप अग्रवाल (उपाध्यक्ष) और अभिभावक- शिक्षक संघ थे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती आशा प्रभाकर के अनमोल वचनों से हुई, जिन्होंने सम्मानित दर्शकों का स्वागत किया और छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। छात्रों ने 'दोहा गायन' की मधुर प्रस्तुति से कबीरदासजी के दोहों के मूल्यों को हमें आत्मसात करने में मदद की | इसके अतिरिक्त छात्रों ने एक विस्मयकारी नाटक '**उद्घोष**' में पांडव- 'अर्जुन' और उनके मार्गदर्शक सारथी- 'कृष्ण' की भूमिकाओं को निभाया। गीत, संगीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया |

शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए स्कूल ने वाहवाही बटोरी और उच्च उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया। सच्चे अर्थों में प्रतिभा की पहचान के रूप में, लगभग 77 प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए बैज से सम्मानित किया गया। स्कॉलर बैज पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों के थे जैसे- गणित के लिए 'रामानुजन पुरस्कार', सी.वी. विज्ञान के लिए 'रमन पुरस्कार', हिंदी के लिए 'मुंशी प्रेमचंद पुरस्कार', पी.टी.ए प्रायोजित 'विशेष पुरस्कार' और विषय प्रवीणता पुरस्कार।

यह उन मेधावी छात्रों के लिए हर्षोल्लास का क्षण था, जिन्होंने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु लग्न और परिश्रम से कार्य किया था।